# कोविड-19 के फैलाव को कम करने में सहायता के लिए ओंटारियो **निःशुल्क रैपिड एँटीजन टेस्ट** वितरित कर रहा है।

## रैपिड एँटीजन टेस्ट क्या है?

- यह एक आसानी से इस्तेमाल की जाने वाली जाँच है, जो कोविड-19 वायरस के प्रमाण की खोज करती है।
- परिणाम 15 मिनट में उपलब्ध हो जाते हैं व पीसीआर जाँच द्वारा पुष्टि की आवश्यकता नहीं होती है।
- घर पर जाँच करने के लिए, कृपया परीक्षण के साथ प्रदान किए गए निर्देश, यह वीडियो youtube.com/watch?v=CBBd4JRWTsg, और मुँह व नाक का साथ में स्वैब लेने के लिए निर्देश (जिससे परीक्षण की संवेदनशीलता बढ़ सकती है) ontariohealth.ca/RATinstructions देखें।

## रैपिड एंटीजन टेस्ट का उपयोग किसे करना चाहिए?

- कोविड-19 के लक्षणों का अनुभव करने वाले लोग, जिनमें निम्नलिखित में से कोई भी लक्षण शामिल है:
    - बुखार और/या कंपकंपी;
    - खांसी;
    - सांस फूलना;
    - स्वाद या गंध के एहसास में कमी या नुकसान; या
    - **इनमें से दो या अधिक:**
        - नाक बहना/नाक भरी होना
        - सिरदर्द
        - अत्यधिक थकान
        - गले में खराश
        - मांसपेशियों में दर्द/जोड़ों का दर्द
        - जठरांत्र-संबंधी लक्षण (यानि मतली, उल्टी और/या दस्त)
- जिन लोगों को कोविड-19 के लक्षणों का अनुभव नहीं हो रहा है और जिनके लिए कोई एक्सपोज़र ज्ञात नहीं है, उन्हें एकबारगी जाँच करने (जैसे, लोगों के साथ सामाजिक मेल-मिलाप करने से पहले) की सलाह सामान्य रूप से नहीं दी जाती है।

## मेरी जाँच के परिणाम का क्या मतलब है?

### पॉज़िटिव परिणाम

इस बात की काफी अधिक संभावना है कि आपको कोविड-19 है।

- अपना बुखार दूर होने तक और 24 घंटों के लिए (या जठरांत्र-संबंधी लक्षण होने पर 48 घंटों के लिए) लक्षणों में सुधार महसूस होने तक तुरंत आत्म-अलगाव करें।

- अलगाव करने के बाद, सार्वजनिक स्थलों पर मास्क पहनें और अपने लक्षणों के शुरू होने (अथवा यदि आपके शरीर में लक्षण नहीं हैं, तो अपनी जाँच का पॉज़िटिव परिणाम प्राप्त होने) के दिन से 10 दिनों तक अतिसंवेदनशील लोगों और ऊँचे खतरे वाले परिवेशों में न जाने की कोशिश करें।

- यदि आप इम्यूनोकॉम्प्रोमाइज़्ड हैं, तो अपनी जाँच का पॉज़िटिव परिणाम प्राप्त होने की तिथि या अपने लक्षणों के शुरू होने के दिन से (इनमें से जो भी पहले हो) कम से कम 10 दिनों के दलए, और अपना बुखार दूर होने तक और 24 घंटों के लिए (या जठरांत्र-संबंधी लक्षण होने पर 48 घंटों के लिए) लक्षणों में सुधार महसूस होने तक आत्म-अलगाव करें।
- यदि आप सबसे ऊंचे खतरे वाले परिवेशों[1] में निवास करते/करती हैं, काम करते/करती हैं, उपस्थित रहते/रहती हैं, या स्वयंसेवा करते/करती हैं, तो उन्हें बताएँ कि आपका परिणाम पॉज़िटिव निकला है और आपको जो दिशा-निर्देश दिए जाएँ, उनका पालन करें।
- अपने घर के सदस्यों और करीबी संपर्कों को सूचित करें और उन्हें मास्क पहनने, तथा अतिसंवेदनशील लोगों एवं ऊँचे खतरे वाले परिवेशों से 10 दिनों के लिए दूर रहने की सलाह दें।
- यदि आपके लिए ऊँचा खतरा है, तो लक्षणों के प्रकट होने के 5 दिनों के अंदर एंटीवायरल दवाइयाँ शुरू करने से गंभीर परिणामों को कम करने में सहायता मिल सकती है। और अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट ontario.ca/antivirals पर जाएँ या 811 पर कॉल करें।

## नेगेटिव परिणाम

- यदि आपके शरीर में लक्षण हैं व आपकी जाँच नेगेटिव निकली है, तो इसके बावजूद भी आपको कोविड-19 हो सकता है।
- अपनी पहली नेगेटिव जाँच के 24-48 घंटे बाद एक बार फिर से रैपिड एँटीजन टेस्ट का उपयोग करें। यदि यह भी नेगेटिव निकलती है, तो आपको कोविड-19 होने की संभावना कम है। कम से कम 24 घंटों के लिए (या जठरांत्र-संबंधी लक्षण होने पर 48 घंटों के लिए) लक्षणों में सुधार महसूस होने तक आत्म-अलगाव करें।

## पुनर्विक्रय के लिए नहीं

Publication No. (300867) ISBN No. 978-1-4868-5914-6. Revised PDF September 2022.
© Queen's Printer for Ontario, 2022.

[1] सबसे ऊंचे खतरे वाले परिवेशों में अस्पताल (निरंतर जटिल देखभाल सुविधाओं सहित) और चिकित्सीय व सामाजिक रूप से अतिसंवेदनशील व्यक्तियों के लिए सामूहिक आवास के परिवेश शामिल हैं, जिनमें लंबी अवधि की देखभाल और रिटायरमेंट आवास, फर्स्ट नेशन वयोवृद्ध देखभाल आवास, सामूहिक आवास, आश्रय, हॉस्पिस, सुधारात्मक संस्थान और अस्पताली स्कूल शामिल हैं, किंतु यह सूची केवल इन्हीं तक सीमित नहीं है।